CAREERINDIA

प्रश्न पुस्तिका क्रमांक / Question Booklet Serial No. :

# INTERMEDIATE EXAMINATION – 2025
# इन्टरमीडियट परीक्षा – 2025

(ANNUAL / वार्षिक )

MODEL QUESTION

HINDI (Compulsory)

हिन्दी (अनिवार्य)

विषय कोड:
Subject Code : **106/ 206/ 306**

प्रश्न पुस्तिका सेट कोड
**Question Booklet Set Code**

कुल प्रश्न : 100 + 6 = 106
Total Question : 100 + 6 = 106

कुल मुद्रित पृष्ठ : 23
Total Printed Pages : 23

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)
[Time : 3 Hours 15 Minutes]

(पूर्णांक : 100)
[Full Marks : 100]

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

1- परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंको का) अवश्य लिखें।

2- परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

3- दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

4- प्रश्नों को ध्यान पूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।

5- यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है – खण्ड 'अ' एवं खण्ड 'ब'।

6- खण्ड 'अ' में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। 50 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जायेगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। सही उत्तर को उपलब्ध कराये गये OMR उत्तर–पत्रक में दिये गये सही विकल्प को काले/नीले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/ तरल पदार्थ/ ब्लेड/नाखून आदि का OMR उत्तर पत्रक में प्रयोग करना मना है अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।

7- खण्ड 'ब' में 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित हैं।

8- किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

www.careerindia.com

## खण्ड – अ

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिये गये हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR उत्तर–पत्रक पर चिह्नित करें। 50 x 1 = 50

1. 'दिल छोटा करना' मुहावरे का अर्थ है –

   (A) हतोत्साहित होना (B) संतप्त होना

   (C) प्रसन्न होना (D) कृपण होना

2. 'आँखों का तारा होना' मुहावरे का अर्थ है –

   (A) अप्रिय होना (B) प्रिय होना

   (C) शत्रु होना (D) मित्र होना

3. 'लाल–पीला होना' मुहावरे का अर्थ है –

   (A) मुद्राएँ बनाना (B) रंग बदलना

   (C) क्रोध करना (D) भेष बदलना

4. 'गोद में सोने वाला' – के लिए एक शब्द है –

   (A) गोदावरी (B) अण्डज

   (C) अंकशायी (D) पार्थिव

5. 'शिक्षा' शब्द है –

   (A) पुंलिंग (B) स्त्रीलिंग

   (C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

www.careerindia.com

6. 'सभा' शब्द है –

(A) पुंलिंग
(B) स्त्रीलिंग
(C) उभयलिंग
(D) इनमें से कोई नहीं

7. 'परीक्षा' शब्द है –

(A) पुंलिंग
(B) स्त्रीलिंग
(C) उभयलिंग
(D) इनमें से कोई नहीं

8. 'घी' शब्द है –

(A) पुंलिंग
(B) स्त्रीलिंग
(C) उभयलिंग
(D) इनमें से कोई नहीं

9. 'वचन' के कितने भेद हैं ?

(A) पाँच
(B) दस
(C) दो
(D) तीन

10. 'अग्नि' का पर्यायवाची शब्द क्या है ?

(A) व्योम
(B) वाजि
(C) हय
(D) पावक

11. 'कमल' का पर्यायवाची शब्द क्या है ?

(A) रश्मि
(B) सरोज
(C) पुष्पधन्वा
(D) भानु

www.careerindia.com

12. 'जो बहुत बोलता है' – के लिए एक शब्द है –

(A) वाचाल (B) गुणवान

(C) वाचस्पति (D) वागीश

13. 'जो पुरूष अभिनय करे' – के लिए एक शब्द है –

(A) राजनेता (B) रचनाकार

(C) अभिनेता (D) अनुभवी

14. 'जल में रहने वाली सेना' – के लिए एक शब्द है –

(A) भू सेना (B) अग्नि सेना

(C) नौ सेना (D) हवाई सेना

15. 'तीव्र बुद्धि वाला' – के लिए एक शब्द है –

(A) कुशाग्र बुद्धि (B) सहृदय

(C) विश्वस्त (D) आज्ञाकारी

16. 'कमलनयन' शब्द में कौन समास है ?

(A) द्वन्द्व (B) कर्मधारय

(C) द्विगु (D) तत्पुरूष

17. 'आजीवन' शब्द में कौन समास है ?

(A) अव्ययीभाव (B) तत्पुरूष

(C) द्वन्द्व (D) कर्मधारय

www.careerindia.com

18. 'अग्रज–अनुज' शब्द में कौन समास है ?

(A) कर्मधारय (B) द्वन्द्व

(C) तत्पुरूष (D) बहुव्रीहि

19. 'नवरत्न' शब्द में कौन समास है ?

(A) तत्पुरूष (B) बहुव्रीहि

(C) कर्मधारय (D) द्विगु

20. 'आयुष्मान' का पर्यायवाची शब्द क्या है ?

(A) लघुजीवी (B) चिरंजीवी

(C) मनोहर (D) प्रियदर्शी

21. 'पृथ्वी' का पर्यायवाची शब्द क्या है ?

(A) मिट्टी (B) भूमि

(C) आसमान (D) पाताल

22. संधि के कितने भेद हैं ?

(A) पाँच (B) छः

(C) तीन (D) दो

23. 'दिगम्बर' शब्द का सन्धि–विच्छेद है –

(A) दिक् + अंबर (B) दिगं + बर

(C) दि + गंबर (D) दिगंब + र

www.careerindia.com

24. 'यशोदा' शब्द का सन्धि–विच्छेद है –

(A) यशा + दा
(B) यश् + दा
(C) यशी + दा
(D) यशः + दा

25. 'तपोबल' शब्द का सन्धि–विच्छेद है –

(A) तप + बलः
(B) तपः + बल
(C) तपो + बलः
(D) तपा + बाल

26. 'वार्तालाप' शब्द का सन्धि–विच्छेद है –

(A) वार्ता + आलाप
(B) वात + आलाप
(C) वार्ता + लाप
(D) वातः + लाप

27. 'महेश' शब्द का सन्धि–विच्छेद है –

(A) महा + इस
(B) महे + श
(C) म + हेश
(D) महा + ईश

28. 'कठोर' शब्द का विलोम क्या होगा ?

(A) कली
(B) कुसुम
(C) कोमल
(D) मुकुल

29. 'स्तुति' शब्द का विलोम क्या होगा ?

(A) द्वेष
(B) निंदा
(C) प्रशंसा
(D) घृणा

www.careerindia.com

30. 'कनिष्ठ' शब्द का विलोम क्या होगा ?

(A) छोटा
(B) ज्येष्ठ
(C) लघु
(D) लंबा

31. 'अंतरंग' शब्द का विलोम क्या होगा ?

(A) बहिरंग
(B) अनुग्रह
(C) अपेक्षा
(D) अल्प

32. 'तिमिर' शब्द का विलोम क्या होगा ?

(A) स्नेह
(B) अंधकार
(C) प्रकाश
(D) अंधेरा

33. 'कृष्ण' शब्द का विलोम क्या होगा ?

(A) काला
(B) शुक्ल
(C) लाल
(D) पीला

34. 'विज्ञान' शब्द में उपसर्ग कौन है ?

(A) विज्ञ
(B) वि
(C) वी
(D) व

35. 'पुरातन' शब्द में उपसर्ग कौन है ?

(A) पुर
(B) पूर
(C) पुरा
(D) पु

www.careerindia.com

36. 'आदिकाल' शब्द में उपसर्ग कौन है ?

(A) आदि (B) आदी

(C) अति (D) इति

37. 'ममेरा' शब्द में प्रत्यय कौन है ?

(A) एरा (B) रा

(C) आ (D) अ

38. 'पढ़ाई' शब्द में प्रत्यय कौन है ?

(A) आई (B) अई

(C) ई (D) ढ़ाई

39. 'दिखावट' शब्द में प्रत्यय कौन है ?

(A) दि (B) वट

(C) ट (D) आवट

40. 'शास्त्र' शब्द का विशेषण क्या है ?

(A) शास्त्रीक (B) शास्त्रीय

(C) शास्त्रेय (D) शास्त्रेयी

41. 'रंग' शब्द का विशेषण क्या है ?

(A) रंगून (B) रंगरेज

(C) रंगबाज (D) रंगीन

www.careerindia.com

42. 'वेद' शब्द का विशेषण क्या है ?

(A) वैदिक
(B) वैदिकवादी
(C) अवेद
(D) वेदान्त

43. 'आचार्य' शब्द में कौन संज्ञा है ?

(A) जातिवाचक
(B) गुणवाचक
(C) व्यक्तिवाचक
(D) समूहवाचक

44. 'चतुराई' शब्द में कौन संज्ञा है ?

(A) जातिवाचक
(B) व्यक्तिवाचक
(C) भाववाचक
(D) समूहवाचक

45. 'गुच्छा' शब्द में कौन संज्ञा है ?

(A) व्यक्तिवाचक
(B) द्रव्यवाचक
(C) समूहवाचक
(D) जातिवाचक

46. 'प' वर्ण का उच्चारण–स्थान क्या है ?

(A) तालु
(B) दंत
(C) ओष्ठ
(D) मूर्द्धा

47. 'द' वर्ण का उच्चारण–स्थान है –

(A) कंठ
(B) तालु
(C) दंत
(D) ओष्ठ

www.careerindia.com

48. 'क' वर्ण का उच्चारण–स्थान है –

(A) दंत

(B) ओष्ठ

(C) मूर्द्धा

(D) कंठ

49. कारक के कितने भेद होते हैं ?

(A) तीन

(B) बारह

(C) आठ

(D) छः

50. 'पेड़ से पत्ते गिरते हैं' – किस कारक का उदाहरण है ?

(A) कर्त्ता

(B) कर्म

(C) अपादान

(D) करण

51. करण कारक का चिह्न है –

(A) ने

(B) से, द्वारा

(C) को, के लिए

(D) में, पै, पर

52. बालकृष्ण भट्ट रचित रचना निम्न में से कौन है ?

(A) जूठन

(B) रोज

(C) तिरिछ

(D) बातचीत

53. सूबेदारनी किस शीर्षक कहानी की पात्रा है ?

(A) ओ सदानीरा

(B) रोज

(C) उसने कहा था

(D) जूठन

www.careerindia.com

54. 'उसने कहा था' किस प्रकार की कहानी है ?

(A) चरित्र–प्रधान (B) व्यंग्य–प्रधान

(C) हास्य–प्रधान (D) धर्म–प्रधान

55. रामधारी सिंह दिनकर की रचना निम्न में से कौन है ?

(A) तिरिछ (B) अर्धनारीश्वर

(C) शिक्षा (D) संपूर्ण क्रांति

56. रामधारी सिंह दिनकर का जन्म–स्थान कहाँ है ?

(A) राँची, झारखण्ड (B) लमही, उत्तर प्रदेश

(C) इटारसी, मध्य प्रदेश (D) सिमरिया, बिहार

57. रामधारी सिंह दिनकर किस युग के कवि थे ?

(A) भारतेन्दु युग के (B) रीति युग के

(C) द्विवेदी युग के (D) छायावादोत्तर युग के

58. निम्न में से किस शीर्षक कहानी में 'गैंग्रीन' का उल्लेख है ?

(A) ओ सदानीरा (B) तिरिछ

(C) शिक्षा (D) रोज

59. 'रोज' शीर्षक कहानी की नायिका कौन है ?

(A) कलावती (B) मालती

(C) रागिनी (D) दयावती

www.careerindia.com

60. अज्ञेय के पिता का नाम क्या था ?

(A) डॉ० दयानन्द शास्त्री
(B) डॉ० हीरानन्द शास्त्री
(C) डॉ० अच्युतानन्द शास्त्री
(D) डॉ० अभ्यानन्द शास्त्री

61. भगत सिंह की रचना निम्न में से कौन है ?

(A) एक लेख और एक पत्र
(B) संपूर्ण क्रान्ति
(C) ओ सदानीरा
(D) उसने कहा था

62. 'चौर' कैसे ताल हैं ?

(A) उथले
(B) चौड़े
(C) गहरे
(D) लम्बे

63. 'बिशनी' किस शीर्षक एकांकी की पात्रा है ?

(A) आषाढ़ का एक दिन
(B) आधे–अधूरे
(C) सिपाही की माँ
(D) लहरों के राजहंस

64. 'ओ सदानीरा' शीर्षक निबंध के निबंधकार हैं –

(A) जगदीशचन्द्र माथुर
(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) नामवर सिंह
(D) भगत सिंह

65. 'बहुजन–सम्प्रेषण के माध्यम' नामक पुस्तक के रचयिता कौन हैं ?

(A) जय प्रकाश नारायण
(B) मलयज
(C) जगदीशचन्द्र माथुर
(D) मोहन राकेश

www.careerindia.com

66. 'दलित साहित्य का सौन्दर्य–शास्त्र' नामक आलोचना–पुस्तक के रचयिता कौन हैं ?

(A) ओम प्रकाश वाल्मीकि (B) मलयज

(C) दिनकर (D) जे० कृष्णमूर्ति

67. 'ओमप्रकाश और कलीराम' किस शीर्षक पाठ के पात्र हैं ?

(A) तिरिछ के (B) जूठन के

(C) ओ सदानीरा के (D) सिपाही की माँ के

68. 'आदमी यथार्थ को जीता ही नहीं, यथार्थ को रचता भी है।' यह कथन किस लेखक का है ?

(A) जे० कृष्णमूर्ति का (B) नामवर सिंह का

(C) मलयज का (D) उदय प्रकाश का

69. 'हँसते हुए मेरा अकेलापन' र्शीषक पाठ के लेखक हैं –

(A) अज्ञेय (B) मलयज

(C) उदय प्रकाश (D) मोहन राकेश

70. 'तिरिछ' शीर्षक कहानी किस प्रकार की रचना है ?

(A) अस्तित्ववादी (B) जादुई यथार्थवादी

(C) आदर्शवादी (D) हास्य–व्यंग्यवादी

71. जे० कृष्णमूर्ति की रचना निम्न में से कौन है ?

(A) जूठन (B) बातचीत

(C) रोज (D) शिक्षा

www.careerindia.com

72. लीडबेटर के अनुसार जे० कृष्णमूर्ति क्या थें ?

(A) देश शिक्षक
(B) विश्व शिक्षक
(C) राज्य शिक्षक
(D) ग्रामीण शिक्षक

73. ओराँव भाषा में 'धाँगड़' शब्द का अर्थ है –

(A) भाड़े का मजदूर
(B) लंगड़े शरीर का आदमी
(C) भारी शरीर का आदमी
(D) हल्के शरीर का आदमी

74. गंडक नदी की चर्चा किस शीर्षक पाठ में है ?

(A) रोज में
(B) ओ सदानीरा में
(C) तिरिछ में
(D) जूठन में

75. रामधारी सिंह दिनकर किस विश्वविद्यालय में उपकुलपति के पद पर आसीन रहे हैं ?

(A) राँची विश्वविद्यालय
(B) पटना विश्वविद्यालय
(C) भागलपुर विश्वविद्यालय
(D) मगध विश्वविद्यालय

76. 'अर्धनारीश्वर' शीर्षक पाठ हिन्दी साहित्य की कौन विधा है ?

(A) आत्म कथा
(B) रेखाचित्र
(C) निबंध
(D) संस्मरण

77. 'स्पीच का उद्देश्य सुननेवालों के मन में जोश और उत्साह पैदा कर देना है।' यह उक्ति है ?

(A) रघुवीर सहाय की
(B) अशोक वाजपेयी की
(C) प्रेमचन्द की
(D) बालकृष्ण भट्ट की

www.careerindia.com

78. 'प्रकृति–वर्णन' से संबंधित कविता है –

(A) हार–जीत
(B) उषा
(C) अधिनायक
(D) छप्पय

79. 'कवियों का कवि' किसे कहा जाता है ?

(A) शमशेर बहादुर सिंह को
(B) पंत को
(C) निराला को
(D) प्रसाद को

80. 'मुक्तिबोध' का पूरा नाम क्या है ?

(A) माधव मुक्ति बोध
(B) गजानन मुक्तिबोध
(C) गजानन माधव मुक्ति बोध
(D) गजानन माधव

81. ज्ञानेन्द्रपति किस प्रशासनिक पद पर कार्यरत थे ?

(A) रेल पदाधिकारी
(B) कारा अधीक्षक
(C) सेना अधिकारी
(D) जिलाधिकारी

82. 'गाँव का घर' शीर्षक कविता के कवि कौन हैं ?

(A) भूषण
(B) सूरदास
(C) नाभादास
(D) ज्ञानेन्द्रपति

83. 'उषा' शीर्षक कविता के कवि कौन हैं ?

(A) रघुवीर सहाय
(B) शमशेर बहादुर सिंह
(C) जयशंकर प्रसाद
(D) सुभद्रा कुमारी चौहान

www.careerindia.com

84. तुलसीदास का जन्म कहाँ हुआ था ?

(A) राजापुर, बाँदा, उत्तर प्रदेश
(B) निहालपुर, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश
(C) श्योपुर, ग्वालियर, मध्यप्रदेश
(D) कसेया, कुशीनगर, उत्तर प्रदेश

85. कवि भूषण की कविता में कौन रस पाया जाता है ?

(A) वात्सल्य रस
(B) भक्ति रस
(C) वीर रस
(D) श्रृंगार रस

86. जयशंकर प्रसाद रचित महाकाव्य निम्न में कौन है ?

(A) कामायनी
(B) साकेत
(C) उर्वशी
(D) प्रिय प्रवास

87. सुभद्रा कुमारी चौहान का जन्म स्थान कहाँ है ?

(A) श्योपुर
(B) राजापुर
(C) कसेया
(D) निहालपुर

88. 'पुत्र–वियोग' शीर्षक कविता की कवयित्री कौन हैं ?

(A) सुभद्रा कुमारी चौहान
(B) मीराबाई
(C) महादेवी वर्मा
(D) सहजोबाई

89. 'मेरा खोया हुआ खिलौना अब तक मेरे पास न आया।' यह पंक्ति किस शीर्षक कवित की है?

(A) पुत्र वियोग की
(B) उषा की
(C) हार–जीत की
(D) अधिनायक की

www.careerindia.com

90. 'पंचायती राज में जैसे खो गए पंच परमेश्वर' यह पंक्ति किस शीर्षक कविता की है ?

(A) अधिनायक की
(B) हार–जीत की
(C) गाँव का घर की
(D) जन–जन का चेहरा एक की

91. 'प्यारे.नन्हें बेटे को' र्शीषक कविता का नायक कहाँ का रहने वाला है ?

(A) भिलाई, छत्तीसगढ़
(B) राँची, झारखण्ड
(C) पटना, बिहार
(D) जयपुर, राजस्थान

92. 'दानव दुरात्मा एक, मानव की आत्मा एक।' यह पंक्ति किस शीर्षक कवित की है ?

(A) गाँव का घर की
(B) उषा की
(C) जन–जन का चेहरा एक की
(D) अधिनायक की

93. 'छत्रसाल दशक' शीर्षक कृति के रचनाकार हैं –

(A) तुलसीदास
(B) जायसी
(C) नाभादास
(D) भूषण

94. कवि जायसी की रचना निम्न में कौन है ?

(A) कवित्त
(B) कड़बक
(C) छप्पय
(D) उषा

95. 'चित्रलेखा' नामक रचना के रचयिता कौन हैं ?

(A) सूरदास
(B) कबीरदास
(C) तुलसीदास
(D) जायसी

www.careerindia.com

96. जायसी किस भक्ति शाखा के कवि हैं ?

(A) प्रेममार्गी
(B) ज्ञानमार्गी
(C) राममार्गी
(D) कृष्णमार्गी

97. सूरदास किस काल के कवि हैं ?

(A) आदिकाल के
(B) भक्ति काल के
(C) रीतिकाल के
(D) आधुनिक काल के

98. पाठ्य पुस्तक में सूरदास रचित पद कहाँ से संकलित हैं ?

(A) सूरसारावली से
(B) सूरसागर से
(C) साहित्यलहरी से
(D) राधारसकेलि से

99. तुलसीदास रचित सर्वश्रेष्ठ महाकाव्य है –

(A) उर्वशी
(B) रामचरित मानस
(C) रामायण
(D) साकेत

100. निम्न में 'लोकनायक' कहे जाते हैं –

(A) जय प्रकाश नारायण
(B) रामधारी सिंह दिनकर
(C) मोहन राकेश
(D) ओम प्रकाश वाल्मीकि

www.careerindia.com

## खण्ड – ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

1- निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखें। 1 x 8 = 8

(i) मेरे प्रिय रचनाकार

(ii) छात्र–जीवन

(iii) हमारे त्योहार

(iv) प्राकृतिक–संसाधन

(v) मोबाइल : आधुनिक यंत्र–मानव

(vi) प्रदूषण : एक विकट समस्या

2- निम्नलिखित में से किन्हीं दो अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या करें। 2 x 4 = 8

(i) 'इसी प्रकार पुरूष भी स्त्रियोचित गुणों को अपनाकर समाज में स्त्रैण कहलाने से घबराता है।'

(ii) 'वसुंधरा भोगी मानव और धर्मान्ध मानव – एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।'

(iii) 'आपुनखात, नंद–मुख नावत,
सो छबि कहत न बनियाँ।'

(iv) 'शीत न लग जाए, इस भय से
नहीं गोद से जिसे उतारा;
छोड़ काम दौड़ कर आई
'मा' कहकर जिस समय पुकारा।'



www.careerindia.com

3- अपने महाविद्यालय के प्रधानाचार्य के पास एक आवेदन–पत्र लिखें, जिसमें विलम्ब–दंड माफ करने का अनुरोध किया गया हो। 1 x 5 = 5

अथवा

वार्षिक परीक्षा की तैयारी का उल्लेख करते हुए अपने पिताजी को एक पत्र लिखें।

4- निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच के उत्तर दें। 5 x 2 = 10

(i) 'उसने कहा था' शीर्षक कहानी में लपटन साहब की जेब से क्या बरामद हुआ था ?

(ii) 'आर्ट ऑफ कनवरसेशन' क्या है ?

(iii) जिसे भी पुरूष अपना कर्म क्षेत्र मानता है, वह नारी का भी कर्मक्षेत्र है। कैसे ? 'अर्धनारीश्वर' शीर्षक निबंध के अनुसार लिखें।

(iv) धाँगड़ों को अंग्रेज चम्पारण में क्यों लाए थे ? 'ओ सदानीरा' शीर्षक पाठ के अनुसार उत्तर दें।

(v) मानक और सिपाही एक दूसरे को क्यों मारना चाहते हैं ?

(vi) कवि जायसी रचित पहले 'कड़बक' में कलंक, काँच और कंचन से क्या तात्पर्य है ?

(vii) कवि सूरदास रचित पद के अनुसार कृष्ण खाते समय क्या करते हैं ?

(viii) पुत्र को 'छौना' कहने में क्या भाव छुपा है ? 'पुत्र–वियोग' शीर्षक कविता के आधार पर उत्तर दें।

(ix) कवि जयशंकर प्रसाद के अनुसार चातकी किसके लिए तरसती है ?

www.careerindia.com

(x) 'राख से लीपा हुआ चौका' के माध्यम से 'उषा' शीर्षक कवित के कवि क्या कहना चाहते हैं ?

5- निम्नलिखित प्रश्नों में से तीन प्रश्नों के उत्तर दें। 3 x 5 = 15

(i) 'अर्धनारीश्वर' शीर्षक निबंध का सारांश अपने शब्दों में लिखें।

(ii) 'उसने कहा था' शीर्षक कहानी का सारांश लिखें।

(iii) 'बातचीत' शीर्षक निबंध का सारांश लिखें।

(iv) प्रथम 'पद' में तुलसीदास ने अपना परिचय किस प्रकार दिया है ?

(v) कवि मुक्तिबोध के अनुसार नदियों की वेदना का क्या कारण है ?

(vi) 'प्यारे नन्हें बेटे को' शीर्षक कवित में कवि लोहे की पहचान किस रूप में कराते हैं ? यही पहचान उनकी पत्नी किस रूप में कराती हैं ?

6- निम्नलिखित अवतरणों में से किसी एक का संक्षेपण कीजिए : 1 x 4 = 4

(i) विगत एक–दो दशकों से युवा–वर्ग में अपव्यय की प्रवृति बढ़ रही है। भोगवाद की ओर युवक अधिक प्रवृत हो रहे हैं। वे सुख–सुविधा की प्रत्येक वस्तु पा लेना चाहते हैं और अपनी आय और व्यय में तालमेल बिठाने की उन्हें चिन्ता नहीं रहती है। धन संग्रह न सही, कठिन समय के लिए कुछ बचाकर रखना भी वे नहीं चाहते। लुभावने विज्ञापनों के माध्यम से लुभाकर उत्पादक, व्यवसायी उन्हें भरमाते हैं। परिणामस्वरूप आज का युवक मात्र उपभोक्ता बनकर रह गया है। अनेक कम्पनियाँ क्रेडिट कार्ड देकर उनकी खरीद–शक्ति को बढ़ाने का दावा करती हैं और बाद में यही कम्पनियाँ निर्ममतापूर्वक अधिक कीमत वसूलती हैं।

www.careerindia.com

(ii) अनुशासन की आवश्यकता छात्र–जीवन के लिए सबसे अधिक है। छात्र विवेक संगत श्रृंखला में रहने की आदत डालें ताकि उनकी क्षमता बिखर कर नष्ट न होने पाए। इसके लिए छात्रों को व्यावहारिक जीवन में अनुशासन के नियमों का पालन करना परमावश्यक है। जीवन के हर क्षेत्र में अनुशासन की आवश्यकता पड़ती है। केवल विद्यालय में ही नहीं वरन् परिवार एवं समाज में भी अनुशासन के नियमों का पालन करना परमावश्यक है। जीवन के हर क्षेत्र में अनुशासन की आवश्यकता रहती है। पूरी सृष्टि और पूरा ब्रह्माण्ड ही अनुशासन से बँधा हुआ है। जीवन में अनुशासन न हो तो हम आसानी से अराजकता के शिकार हो जायेंगें।

www.careerindia.com